# उत्तर पश्चिम रेलवे

भवन न.-04, द्वितीय तल,
केन्द्रीय रेलवे अस्पताल के सामने,
रेलवे स्टेशन, जयपुर

सं. 740 ई/आरआरसी/स्काउट एण्ड गाइड कोटा/2025-26 दिनांक-24.09.2025

## महत्वपूर्ण सूचना

सर्व संबंधित,

विषय :- स्काउट एवं गाईड कोटा के लेवल-2 एवं लेवल-1 के पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन में त्रुटि सुधार हेतु एक अवसर ।

रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर द्वारा उत्तर पश्चिम रेलवे पर वर्ष 2025-26 के लिए स्काउट एवं गाईड कोटा के लेवल-2 एवं लेवल-1 के पदों पर भर्ती हेतु रोजगार सूचना सं. 02/2025 (स्काउट एवं गाईड कोटा/आरआरसी/एनडब्ल्यूआर) दिनांक 22.08.2025 के तहत ऑनलाईन माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये है। ऑनलाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 24.09.2025 है।

अन्तिम तिथि तक ऑनलाईन आवेदन पूर्ण रूप से सबमिट करने वाले अभ्यार्थियों को ऑनलाईन आवेदन में यदि कोई त्रुटि हो तो, त्रुटि सुधार हेतु एक अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। अभ्यार्थी ऑनलाईन आवेदन पत्र में नाम, मोबाईल नम्बर, आधार न. एवं ई मेल आईडी को छोडकर संशोधन कर सकता है।

ऑनलाईन आवेदन पत्र में संशोधन करने हेतु लिंक रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर की आधिकारिक वेबसाईट पर दिनांक 30.09.2025 से 01.10.2025 (23.59) तक उपलब्ध कराया जाएगा।

उक्त अवधि के पश्चात् किसी भी अभ्यार्थी को ऑनलाईन आवेदन में किसी भी प्रकार के संशोधन का अवसर नहीं दिया जाएगा एवं ऑनलाईन आवेदन में भरी गई जानकारी को अन्तिम माना जाएगा। इसके उपरान्त भी ऑनलाईन आवेदन में रही त्रुटि के लिए अभ्यार्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

Sd/-
अध्यक्ष/रेलवे भर्ती कक्ष